आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने श्री मोदी को एनडीए का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा और एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं ने इसका समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने श्री मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की इच्छा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है कि देश समृद्ध हो और महाशक्ति बने। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा। श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को 22 राज्यों में सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है। उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का लगातार तीसरी बार सर्व सम्मति से नेता चुने जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में एनडीए परिवार आत्म निर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है।

****

एसिड हमलों के मामले में अब किसी भी स्थिति में कारावास की सजा दस वर्ष से कम नहीं होगी। इसे आजीवन कारावास में बदला जा सकेगा। जुर्माना भी लगाया जा सकेगा। एक जुलाई से देश में लागू हो रहे नये आपराधिक कानून में एसिड हमलों से सम्बन्धित यह प्रावधान शामिल किये गये है। प्रावधान के अनुसार किसी भी व्यक्ति को एसिड फेंकने का प्रयास या किसी अन्य साधन का उपयोग करने का प्रयास करने पर कम से कम पांच साल की सजा होगी, जिसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। नये कानून में एसिड में वह सभी पदार्थ शामिल हैं, जिसमें अम्लीय या क्षयकारी या जलने की प्रकृति होती है और जो शारीरिक चोट पहुंचाने में सक्षम है।

****

बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अगामी नौ जून को राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा– दो हजार चौबीस का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा के लिए अवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये। अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने अपने–अपने परीक्षा केन्द्रो की सूची जारी कर दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय से संबंध पांच जिलो में सत्ताईस परीक्षा केन्द्र बनाए है, जिसमें बारह हजार आठ सौ सनतावन अभ्यर्थी परीक्षा देगें। गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंतर्गत गोरखपुर मंडल के तीन जिलों गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में कुल साठ परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं जिनमे अट्ठाइस हजार सात सौ अस्सी अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गयी है।

****

कल सुबह हुई वर्षा के बाद गर्मी से मिली राहत अब धीरे–धीरे समाप्त होने लगी है। तेज धूप के चलते प्रदेश के लगभग सभी जिलों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इसके चलते उमस भरी गर्मी ने लोगो की परेशानी एक बार फिर बढ़ा दी है। इस बीच मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर कहा है कि एक बार फिर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा। इसका सबसे ज्यादा असर बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, महोबा, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिलेगा।

****

फतेहपुर जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र में कानपुर प्रयागराज राजमार्ग पर आज अमृतसर से कोलकाता जा रही एक कार अनियंत्रित होकर, गढ्ढे में गिर गयी। इससे कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मरने वाले अमृतसर जिले के सुल्तानबिन्ड थाने के मतेवाड़ा गांव के रहने वाले थे।

****